12वें नेशनल साइंस फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

22 अगस्त, 2022 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के प्रो. जगदीशचंद्र बसु सभागार में दीप प्रज्वलित कर 12वें नेशनल साइंस फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मैपकास्ट द्वारा आयोजित इस फिल्म फेस्टिवल में 71 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह फिल्म फेस्टिवल 26 अगस्त तक चलेगा। उद्घाटन सत्र को छोड़कर अन्य दिनों में फिल्म का प्रदर्शन रवींद्र भवन में होगा।
- मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने फेस्टिवल का उद्घाटन करने के बाद घोषणा करते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने तथा विज्ञान को जन-जन तक ले जाने के लिये आगामी एक वर्ष में विज्ञान फिल्मों का प्रदर्शन मध्य प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों में उत्सव के रूप में किया जाएगा।
- विज्ञान फिल्मोत्सव का शुभारंभ महान भारतीय वैज्ञानिक पी.सी. रे पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री के प्रदर्शन के साथ हुआ। विज्ञान भारती और संस्कृति मंत्रालय द्वारा बनाई गई यह फिल्म आधुनिक रसायन शास्त्र के पितृपुरुष प्रफुल्ल चंद्र रे, स्वाधीनता के पहले शिक्षा जगत, रोज़गार, गरीबी उन्मूलन और भारत में रासायनिक उद्योग के विकास में असाधारण योगदान पर केंद्रित थी।
- ओशन (महासागर) पर प्रदर्शित दूसरी डॉक्यूमेंट्री में महासागरों की अद्भुत जैव विविधिता पर मँडराते खतरों और उसे बचाने पर ज़ोर दिया गया है।
- समारोह के दौरान होने वाली विभिन्न स्पर्धाओं के लिये करीब 16 लाख रुपए कीमत के पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में वितरित किये जाएंगे।
- गौरतलब है कि राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव में निम्नांकित प्रतिस्पर्धी श्रेणियों में डाक्यूमेंट्री फिल्में, शॉर्ट फिल्म, एनिमेशन फिल्म, डाक्यू ड्रामा, साइंस फिक्शन आमंत्रित किये जाते हैं एवं लगभग 16 लाख रुपए के नकद पुरस्कार इंटरफेस, फ्यूजन श्रेणी (स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं), आउट ऑफ बॉक्स श्रेणी-कालेज विद्यार्थियों, इंद्रधनुष श्रेणी (स्कूल विद्यार्थियों) आदि में भारत सरकार की ओर से दिये जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/12th-national-science-film-festival